GRM
OVERSEAS LIMITED

**Date: -** 06.11.2017

To,

Department of Corporate Services
**Bombay Stock Exchange Limited,**
P. J. Towers, Dalal Street,
Mumbai- 400001

**Sub: - Submission of Newspaper Clipping of Advance Notice for the Board Meeting as per SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and closure of Trading window under company's code of conduct.**

Dear Sir,

With reference to the above mentioned subject, please find attached herewith the copies of News Papers- Dainik Rashtriya Ujala (Hindi News Paper) and Indian Horizon (English News Paper) dated **04.11.2017** in which the notice of Board Meeting has been published.

You are requested to take the above on your records and acknowledge the same.

**For GRM OVERSEAS LIMITED**

For GRM Overseas Limited

Director

**Hukam Chand Garg**
**(Director)**
**DIN: 00673276**

**Place: New Delhi**

## खास खबर

### 'डंपिंग ग्राउंड बनने से फैलेगी महामारी'

**नोएडा।** डंपिग ग्राउंड बनाने के विरोध में बहलोलपुर, पर्थला और सोरखा गांव में पंचायत का आयोजन हुआ। इसमें डंपिंग ग्राउंड बनाने के विरोध हुआ। इस दौरान सपा नेता सुनील चौधरी ने कहा कि प्राधिकरण तानाशाह हो गया है। अधिकारी जन-विरोधी कार्य कर रहे हैं। आबादी के पास डंपिंग ग्राउंड बनना ठीक नहीं है। इससे महामारी फैलेगी। पंचायत में तय हुआ कि 5 नंवबर को सेक्टर 122 स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के पास गोल चक्कर पर प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी प्राधिकरण न माने तो जन-आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कई नेता मौजूद थे।

### लार्वा मिलने पर लगाया जुर्माना

**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को निठारी और गिझौड़ का दौरा किया। इस दौरान दोनों जगह मच्छरों के लार्वा मिले। निठारी और गिझौड़ गाव में छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इनमें 3500 रुपये का जुर्माना निठारी गाव और 2500 रुपये का जुर्माना गिझौड़ गाव में अलग अलग घरों में मच्छरों का लार्वा मिलने पर लगाया गया है। सीएमओ डॉ.अनुराग भार्गव ने बताया कि हर घर पर पर 500-500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एडीज और मलेरिया फैलाने वाले एनाफिलीज मच्छर के लार्वा मिले थे। यह कार्रवाई अभी जारी रहेगी।

### चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** कोतवाली फेज तीन पुलिस ने वाजिदपुर पेट्रोल पंप के पास से चेकिंग के दौरान मोबाइल टावरों से सामान चुराने वाले गिरोह के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान धर्मेन्द्र और राशिद निवासी होशियारपुर के रूप में हुई। इनके पास से मोबाइल टावर के चार सेल और वारदात में इस्तेमाल हुई टाटा एसीई गाड़ी बरामद हुई है।

### बीड़ी–सिगरेट की तरह पटाखों पर भी छपेगी चेतावनी!



**नोएडा।** बीड़ी-सिगरेट की तरह आने वाले वक्त में पटाखों पर भी स्वास्थ्य के नुकसान की चेतावनी दर्ज हो सकती है। पर्यावरणविद विक्रांत तौंगड़ की शिकायत पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कहा है कि पटाखों पर चेतावनी लिखवाना बेहतरीन सुझाव है। ऐसा करने से लोगों को पटाखों से होने वाले प्रदूषण के बारे में जागरूक करने में मदद मिल सकती है। बोर्ड ने तौंगड़ को सलाह दी कि वह अपनी शिकायत पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन (पेसो) को भेजें। देशभर में पटाखों के विनियमन का काम यही संस्था करती है। इसलिए वहां शिकायत होने के बाद पटाखों पर चेतावनी लिखने का काम शुरू हो सकता है। विक्रांत तौंगड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल में दिवाली पर पटाखों पर प्रतिबंध लगाया था। इससे प्रदूषण के स्तर में काफी कमी आई थी। अब सरकार की जिम्मेदारी है कि वह पटाखों पर चेतावनी लिखवाकर लोगों को इस बारे में जागरूक करे। उन्होंने कहा कि वह अपनी लिखित शिकायत एक-दो दिन में भेजेंगे।

# शहर में बनेगा ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र



- नोएडा के सेक्टर-123 में भूमिगत ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र लगाया जाएगा
- इसकी कार्य योजना प्राधिकरण की ओर से तैयार कर ली गई है
- 25 एकड़ में बनने वाले इस संयंत्र पर प्राधिकरण 250 करोड़ रुपये खर्च करेगा

**नोएडा।** इंदौर की तर्ज पर नोएडा के सेक्टर-123 में भूमिगत ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र लगाया जाएगा। इसकी कार्य योजना प्राधिकरण की ओर से तैयार कर ली गई है। 25 एकड़ में बनने वाले इस संयंत्र पर प्राधिकरण 250 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक इस संयंत्र को पूरी तरह से इको फ्रेंडली रूप से तैयार किया जाएगा। कचरा निस्तारित होने के बाद निकलने वाली राख भी इसी जमीन में डिस्पोज की जाएगी। धूल को रोकने व पर्यावरण प्रदूषण से बचाने के लिए यहां चारदीवारी ग्रीन बेल्ट का निर्माण किया जाएगा। इंदौर में लगा ठोस कचरा प्रबंध संयंत्र के लिए सबसे बेहतरीन माना जाता है।

दावा है कि इस संयंत्र से किसी भी प्रकार की बदबू या पर्यावरण प्रदूषण का खतरा नहीं है। सेक्टरों से कूड़ा संयंत्र तक पहुंचाने का तरीका भी बिल्कुल अलग होगा। संयंत्र में दो प्रकार के बड़े डस्टबीन लगाए जाएंगे। पहले गीले कूड़े के लिए दूसरा सूखे कूड़े के लिए। सलाहकार कंपनी ने अपने प्लान में कूड़े को प्लाट तक पहुंचाने के लिए भी बेहतर तरीका बताया है। इसके लिए एक विशेष गाड़ी का प्रयोग किया जाएगा, जिसमें गीले व सूखे कूड़े अलग रखे जाएंगे। यहां गीले व सूखे कूड़े का अलग-अलग निस्तारण किया जाएगा। जिससे निकलने वाली राख को शहर में कहीं और नहीं बल्कि 25 एकड़ के एक भाग में डंप किया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण अपर मुख्य कार्य पालक अधिकारी आरके मिश्रा ने कहा कि प्लाट के चारो और चारदीवारी बनाई जाएगी। चारदीवारी के साथ ग्रीन बेल्ट बनाई जाएगी। यहां से शोधित पानी ही नालों में गिराया जाएगा। सीधे शब्दों में कहे तो यह प्लाट कूड़ा निस्तारण के लिए नहीं बल्कि वेस्ट टू एनर्जी प्लाट है। जिसके जरिए कचरे को री-साइकिल कर इसका प्रयोग सड़क, सीमेंट व उर्जा उत्पन करने के लिए किया जाएगा।

## सेक्टर-123 में बनाए जा रहे डंपिंग ग्राउंड का किया विरोध

**नोएडा।** सेक्टर-123 में बनाए जा रहे डंपिंग ग्राउंड का सेक्टर व ग्रामवासियों ने विरोध किया। इसे लेकर सोरखा जाहिदाबाद में पंचायत हुई, जिसमें परथला, बहलोलपुर, गढ़ी सोरखा जाहिदाबाद, सेक्टर-120, 121, 122, 118, 119 के लोगों ने सर्वसम्मिति से तय किया कि सेक्टर 123 में बनाए जा रहे डंपिंग ग्राउंड को नहीं बनाने दिया जाएगा। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी नरेश यादव ने कहा कि कुछ वर्ष पहले भी प्राधिकरण ने सेक्टर-123 में डंपिंग ग्राउंड बनाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे क्षेत्र के लोगों के विरोध करने पर निरस्त कर दिया गया था। इसके बनने से लाखों लोग प्रभावित होंगे, क्योंकि क्षेत्र में सघन आबादी है। डंपिंग ग्राउंड बनने से बदबू व बीमारी, प्रदूषण बढ़ने से क्षेत्र का वातावरण दूषित हो जाएगा। इसे आबादी से दूर बनाया जाए। सभी क्षेत्रवासियों ने एक राय होकर निर्णय लिया कि अगर प्राधिकरण नहीं माना, तो सभी क्षेत्रवासी आंदोलन करेंगे, व न्यायालय की शरण भी लेंगे। पंचायत में बहलोलपुर से सतपाल यादव, परथला से भूरा, सोरखा से लखन यादव, व सेक्टर- 118, 119, 120, 121, 122 आदि से लोग शामिल रहे।

## कुपोषण के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग चलाएगा व्यापक अभियान

**नोएडा।** कुपोषण के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग शीघ्र ही व्यापक अभियान की शुरूआत करने जा रहा है। इसके तहत जिले में जगह-जगह कैंप लगाकर अति कुपोषित बच्चों की पहचान की जाएगी और उनका इलाज कराया जाएगा। अन्य कोई बीमारी होने पर ऑपरेशन भी राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम( आरबीएसके ) के तहत किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग भार्गव ने बताया कि आरबीएसके के तहत खासकर ग्रामीण व मलिन बस्तियों में कैंप लगाकर अति कुपोषित बच्चों की पहचान करने के साथ उसके कारण व उनमें अन्य बीमारियों का भी पता लगाया जाएगा। अन्य बीमारी होने पर पहले उस बीमारी का इलाज किया जाएगा। कुपोषित बच्चों को भंगेल के कुपोषण केंद्र में भर्ती करके इलाज किया जाएगा। जांच के दौरान कई बार बच्चों के दिल में छेद जैसी गंभीर हृदय संबंधी रोग या न्यूरो रोग का भी पता चलता है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग अपने खर्च पर उनका उच्च स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाकर इलाज कराएगा। यह अभियान 10 से 15 दिन में शुरू कर दिया जाएगा, जिसमें आरबीएसके की टीम गांव-गांव जाकर कुपोषित व बीमार बच्चों की पहचान करेगी। अभियान का मकसद पूरे जिले के बच्चों को तंदुरुस्त बनाना है। कैंप के दौरान बच्चों का मानसिक परीक्षण व साइको मैट्रिक्स टेस्ट किया जाएगा।

## दादरी प्लांट में न हो जाए रायबरेली जैसी घटना!



- दादरी से करीब 9 किलोमीटर दूर गाजियाबाद की सीमा से सटे एनटीपीसी के प्लांट में करीब 23 साल पुराने बॉयलर का इस्तेमाल हो रहा है
- अप्रशिक्षित कर्मचारियों के हाथों में मशीनों को देने से यहां भी रायबरेली जैसा हादसा हो सकता है

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी से करीब 9 किलोमीटर दूर गाजियाबाद की सीमा से सटे एनटीपीसी के प्लांट में करीब 23 साल पुराने बॉयलर का इस्तेमाल हो रहा है। कर्मचारियों की मानें तो अप्रशिक्षित कर्मचारियों के हाथों में मशीनों को देने से यहां भी रायबरेली जैसा हादसा हो सकता है। कर्मचारी यूनियन ने मांग रखी है कि संविदा पर लिए गए अप्रशिक्षित कर्मचारियों के हाथों में मशीनें न सौंपी जाएं। वहीं, रायबरेली की घटना को देखते हुए एनटीपीसी परिसर में प्रबंधन ने कर्मचारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा से जुड़े निर्देश दिए।

कोयले पर आधारित 500 एकड़ में फैले इस प्लांट की स्थापना 1988-90 में हुई थी। यहां सोलर प्लांट से 5 मेगावॉट समेत 2652 मेगावॉट बिजली पैदा हो रही है। रायबरेली के प्लांट में हुए हादसे ने प्रबंधन को यहां की सुरक्षा के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया है। कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने बताया कि गुरुवार को उनकी प्रबंधन के साथ बैठक हुई। इसमें एजीएम स्तर के अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्लांट का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि यहां बॉयलर सही हालत में हैं और उनकी हर तीन माह में पूरी जांच की जाती है।

उनका कहना है कि हादसा इन मशीनों को अप्रशिक्षित हाथों में देने से होता है। वह शनिवार को बैठक कर मांग करेंगे कि ये मशीनें अप्रशिक्षित कर्मचारियों को न दी जाएं। इन कर्मचारियों को संविदा पर रखा जाता है। उन्हें अच्छी ट्रेनिंग के बाद ही मशीनों पर लगाया जाए। वहीं एनटीपीसी दादरी के प्रवक्ता पंकज सक्सेना का कहना है कि उन्हें भी अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

## 37 फैक्ट्रियों के 10 हजार कर्मचारियों की नौकरी पर संकट



- सुप्रीम कोर्ट से पेटकोक और फर्नेस ऑइल ईंधन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगने से ग्रेनो में स्थित 37 में से कई फैक्ट्रियां बंद

**ग्रेटर नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट से पेटकोक और फर्नेस ऑइल ईंधन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगने से ग्रेनो में स्थित 37 में से कई फैक्ट्रियां बंद हो गई हैं। यहां काम करने वाले करीब 10 हजार कर्मचारियों की नौकरी पर संकट आ गया है। फैक्ट्री संचालकों का कहना है कि पेटकोक और फर्नेस ऑइल का विकल्प महंगा तो है ही, इसे इस्तेमाल करने के लिए कई मशीनों को बदलना होगा। इसमें दो से तीन महीने का वक्त लगेगा। इसके बाद भी कामयाबी मिलने की गारंटी नहीं है। तब तक फैक्ट्री बंद करनी पड़ेगी और कर्मचारियों को भी हटाना पड़ेगा।

इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईआईए) मेरठ मंडल के सचिव बिसारद गौतम का कहना है कि पेटकोक और फर्नेस ऑइल के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही सप्लायरों ने सप्लाई बंद कर दी है। जिन फैक्ट्रियों के पास ईंधन बचा है, उसी में काम चल रहा है। बाकी फैक्ट्रियों में पैकेजिंग सहित अन्य काम चल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पेटकोक और फर्नेस ऑइल के विकल्प के तौर पर फैक्ट्रियों में पीएनजी का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन यह तीन गुना महंगा है। पेटकोक 8 रुपये प्रति किलो मिलता है, जबकि पीएनजी 25-28 रुपये प्रति किलो मिल रही है। पीएनजी का कनेक्शन भी आसानी से नहीं मिल रहा है।

कंपनी पीएनजी की उपलब्धता पर कनेक्शन देने की बात कह रही है। पीएनजी को इस्तेमाल करने पर वर्निंग कैलिवर को बदलना पड़ेगा। गुजरात में भी इसका प्रयोग किया गया था और बाद में उद्यमियों को पेटकोक पर आना पड़ा था। वहीं, कोयला और लड़की के इस्तेमाल पर पिछले साल जिला प्रशासन ने ही रोक लगा दी थी। इसका इस्तेमाल करना भी आसान नहीं है। बिसारद गौतम का कहना है कि वैकल्पिक व्यवस्था करने में उद्यमी को कम से कम 3 महीने का समय लगेगा। जिसके चलते हजारों लोगों की नौकरी जा सकती है।

## स्पेस बेचने के नाम पर सैकड़ों लोगों से 300 करोड़ की धोखाधड़ी



- सेक्टर 62 में दफ्तर स्पेस और दुकान बेचने के नाम पर की धोखाधड़ी
- बिल्डर द्वारा प्रोजेक्ट का काम नहीं करने व अपना दफ्तर बंद करने के बाद निवेशक ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की

**नोएडा।** सेक्टर 62 में दफ्तर स्पेस और दुकान बेचने के नाम पर सैकड़ों लोगों से ढाई सौ से तीन सौ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बिल्डर द्वारा प्रोजेक्ट का काम नहीं करने व अपना दफ्तर बंद करने के बाद निवेशक ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली सेक्टर 58 में कंस्ट्रक्शन कंपनी सहित 13 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य कई धाराओं केस दर्ज हुआ है।

स्टेट बैंक आफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले टीए खान ने बताया कि प्रॉपलेरिटी इंफ्राटेक की तरफ से बिजलाइफ नाम से ए 46 सेक्टर 62 में कमर्शियल स्पेस और दुकान के लिए वर्ष 2014 में प्रोजेक्ट लांच किया गया था। इस प्रोजेक्ट में सैकड़ों लोगों ने निवेश किया। मैंने भी वर्ष 2016 में प्रोजेक्ट में करीब 13 लाख रुपये का निवेश किया।

डील के तहत 12 प्रतिशत एश्योर्ड रिटर्न देने का भी वादा किया गया था। कुछ समय तक रिटर्न मिलता रहा। फिर वह बंद हो गया। जिसके बाद मैं सेक्टर 63 स्थित प्रोपलेरिटी इंफ्राटेक के दफ्तर पहुंचा। जहां अन्य निवेशक भी मिले। जिसके बाद जानकारी हुई कि निवेशकों की संख्या सैकड़ों में है। साथ ही करीब तीन सौ करोड़ का निवेश हुआ है। बिल्डर से प्रोजेक्ट पूरा करने या पैसे वापस करने की मांग हुई। बिल्डर ने कोई आश्वासन नहीं दिया। इसी बीच वह अपना दफ्तर बंद कर फरार हो गया। इसके बाद निवेशकों ने अपने स्तर पर जांच-पड़ताल की। जिसमें पता चला कि जिस प्लॉट पर प्रोजेक्ट लांच किया गया था, वह एचएसएल साफ्टवेयर कंपनी के नाम आवंटित है। इस कंपनी के मालिक शशिकांत चौरसिया व विनीता चौरसिया हैं।

कोतवाली सेक्टर 58 प्रभारी अनिल प्रताप सिंह ने बताया कि निवेशकों ने शशिकांत चौरसिया, विनीता चौरसिया, प्रॉपलेरिटी इंफ्राटेक के डायरेक्टर के डायरेक्टर सतेंद्र सिंह तोमर और मलय अग्रवाल, संजय जैन, अतुल सिंह, सौरभ कुमार पांडेय, आशीष कुमार, नागेंद्र प्रताप सिंह, संदीप कौशिक, पवन जसूजा पैसे लेकर स्पेस और दुकान न देने की शिकायत की। जिसके आधार पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर कार्रवाई होगी। उधर, धोखाधड़ी के संबंध में पक्ष जानने के लिए शशिकांत चौरसिया से फोन और एसएमएस के जरिए संपर्क करने की कोशिश हुई। उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### अधिकतर निवेशक हैं बुजुर्ग

ठगी के शिकार अधिकतर निवेशक बुजुर्ग हैं। केस दर्ज कराने वाले टीए खान ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद मिले पैसे में से बेटी की शादी की। फिर बचे पैसे को इस प्रोजेक्ट में लगा दिया, जिससे बुढ़ापे में कुछ आमदनी हो सके। इसी तरह ज्यादातर अन्य निवेशक भी बुजुर्ग हैं। उन्होंने भी सेवानिवृत्त होने के बाद कमाई करने के लिए प्रोजेक्ट में निवेश किया था।




## असमंजस में व्यापारी, किसे दें किराया?



- अट्टा बाजार में खसरा नंबर 45 में बनी दुकानों का मालिकाना हक प्राधिकरण को मिलने के बाद व्यापारियों में असमंजस

**नोएडा।** अट्टा बाजार में खसरा नंबर 45 में बनी दुकानों का मालिकाना हक प्राधिकरण को मिलने के बाद व्यापारियों में असमंजस हैं। वह किराया प्राधिकरण को दें या पूर्व कब्जाधारी को, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। व्यापारियों ने प्राधिकरण से बाजार का कब्जा लेकर किराया वसूलने की मांग की है। अट्टा मार्केट ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ सीबी झा ने सेक्टर-33 में पत्रकारवार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि अप्रैल में मुख्यमंत्री से भूमाफिया के चंगुल से बाजार को मुक्त करने की मांग की थी। नोएडा प्राधिकरण ने जुलाई में मुख्यमंत्री को एक आश्वासन पत्र भेजा। जिसमें कहा गया कि खसरा नंबर 45 की जमीन नोएडा प्राधिकरण द्वारा कब्जा प्राप्त है। जल्द ही इस जमीन पर प्राधिकरण अपना कब्जा ले लेगा। जिन लोगों ने प्राधिकरण की इस जमीन पर अवैध कब्जा कर बाजार को बसाया है। उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। अब इस बाजार के व्यापारी असमंजस में हैं कि वह इस जमीन पर किसका मालिकाना हक माने। प्राधिकरण दावा कर रहा है कि उसकी जमीन है।

जबकि यहां के व्यापारियों से किराए के नाम पर कोई और पैसे ले रहा है। ऐसे में व्यापारियों का कहना है कि प्राधिकरण अधिकारी उनका मार्गदर्शन करें कि वह क्या करें? प्रेस वार्ता के दौरान फूलचंद गनहोत्रा, मोहम्मद अख्तर, रमेश, आरुष नंदा, कमल समेत अन्य व्यापारी मौजूद थे।

## शहर में नगरपालिका बनाने के सुझाव को नकार रहे लोग

**नोएडा।** शहर की नगरीय सुविधाओं में सुधार के लिए सुझाव देने की आखिरी तारीख नजदीक आने के साथ ही लोगों में नगरपालिका बनाने के विचार का विरोध तेज हो गया है। कई संगठनों ने मेरठ मंडलायुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि नगरपालिका जैसा अलग निकाय बनने से शहर में भ्रष्टाचार और बढ़ जाएगा और लोगों को संपत्ति कर और गृह कर चुकाने पड़ेंगे।

नोएडा ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष विमलेश शर्मा ने कहा कि विभिन्न शहरों में नगर निगमों और नगर पालिकाओं के अनुभव को देखते हुए संगठन को लगता है कि यहां पर ऐसे किसी निकाय के गठन से कोई फायदा नहीं होगा। इसके बजाय नोएडा अथॉरिटी में गांव और सेक्टरों के निर्वाचित लोगों की भागीदारी बढ़ाकर पारदर्शी तरीके से विकास कार्य करवाने की नीति शुरू की जाए तो ज्यादा बेहतर होगा। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष उपदेश भारद्वाज ने भी कहा है कि नए निकाय पर विचार करने के बजाय नोएडा अथॉरिटी के बोर्ड में सांसद और विधायक को प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इससे जनता अपने प्रतिनिधियों के जरिए अथॉरिटी में जरूरत के काम करवा सकेगी।

**GRM OVERSEAS LIMITED**
CIN: L74899DL1995PLC064007
Regd. Off: 128, First Floor, Shiva Market Pitampura New Delhi-110034
Email Id- grmrice1@gmail.com
Ph. 0180-2652524

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulations 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the notice is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Tuesday, November 14, 2017 at 03:00 P.M. at the Regd. Office of the Company, inter alia, to consider and approve the Unaudited quarterly financial results for the quarter and half year ended on September, 30, 2017 and to consider any other business, if any.

Pursuant to this, the Company has decided that the closing period (i.e. closure of trading window) for the Insiders covered under the Company's "Code of Conduct to Regulate, Monitor and Report Trading by Insiders" would commence from 06:00 p.m. on 7th November, 2017 and ends on 48 hours after the results are made public i.e. at 6:00p.m on 16th November, 2017 (dates inclusive of both days).

By order of the Board
For **GRM OVERSEAS LIMITED**

Sd/
Hukam Chand Garg
Director
DIN : 00673276

Place : New Delhi
Date : 02-11-2017

# Global smartphone shipments hit record 400 mn units

New Delhi, Nov 3 (IANS) With global smartphone shipments reaching a record 400 million units in the third quarter this year, the top 10 players have captured 75 per cent of the market, leaving just a quarter for the remaining over 600 brands to compete in, new research said on Friday. According to Counterpoint Research's "Market Monitor" service, global smartphone shipments grew 5 per cent (Year-on-Year) in the third quarter.

Chinese brands Xiaomi, Vivo, OPPO and Huawei remained the fastest growing smartphone brands. Samsung, Apple and LG also showed growth during the quarter.

"The global smartphone market continues to grow in single digits driven by growth in emerging markets. In such a scenario, we have seen key hardware differentiators proliferate to lower price points at much faster rates," said Jeff Fieldhack, Research Director at Counterpoint Research, in a statement.

"In addition, the increasing share of leading brands is putting additional pressure on smaller brands which can lead to consolidation in some of the OEM-crowded regions going forward," he said.

Apart from China, India and South-East Asia is fast becoming the next battleground for these Chinese brands. A Chinese brand holds a top five ranking in each of these markets.

"During the quarter, the leading smartphone players grew faster in international markets than domestic markets. This indicates that leading smartphone players are now gearing up to target higher price points in a bid to position their devices as quality products in the minds of the consumers," noted Research Analyst Shobhit Srivastava. Samsung led the smartphone market by volume with a market share of 20.6 per cent in Q3 2017. Its smartphone shipments recorded a growth of 9 per cent annually during the quarter.

Apple shipments grew 3 per cent annually in Q3 2017, reaching 46.7 million units globally.

# South Australian delegation arriving for India Business Mission

Mumbai, Nov 3 (IANS) A 50-member delegation led by Minister for Investment and Trade of the South Australian government, Martin Hamilton-Smith, will arrive here on Sunday for a week-long third India Business Mission (IBM), an official said on Friday.

South Australian Governor Hieu Van Le shall also accompany the delegation which will tour Mumbai, Jaipur and Bengaluru to deepen trade and investment relations between India and South Australia.

The state of South Australia, with the capital city of Adelaide, is spread across more than one million sq km, or roughly thrice the area of Maharashtra, with a population of 17 million, almost equal to the numbers of Mumbai.

Recognising India as an epicentre for trade and investment, the South Australian government developed the 'India Engagement Strategy' which outlines how that state government would work to enhance its ties with India into a long-term partnership.



The IBM was established to drive growth and deepen business relations across a wide range of industries and explore sectors like higher education, skills training, premium foods, wine and beverages, defence and advanced manufacturing, water and environment management, arts, culture and tourism, health sector and investment.

The delegation will call on top officials from Maharashtra and Rajasthan, leaders in sectors like automotives, defence, aviation and IT to share knowledge and exchange ideas through project collaborations.

Several MoUs are likely to be signed to enhance economic and cultural ties. Hamilton-Smith will launch a two-year long wine education programme in Mumbai and New Delhi to boost exposure of South Australia's premium wines, wine regions and wine-making expertise with India.

Incidentally, in the IBM 2015, South Australia and Rajasthan signed a Sister-State agreement covering priorities like water conservation and management and environmental sustainability leading to investments in water research and technical capabilities for the north-western Indian state.

In IBM 2017, South Australia plans to further opportunities around water sustainability and facilitate developments through Centre of Excellence in Water Resources Management, Rajasthan.

# India's domestic passenger traffic rises over 15% in September

New Delhi, Nov 3 (IANS) India's domestic passenger traffic grew by 15.5 per cent in September, a global airline association said on Friday.

The International Air Transport Association (IATA) in its global passenger traffic data revealed that India's domestic demand -- revenue passenger kilometres (RPK) -- was highest amongst major aviation markets like Australia, Brazil, China, Japan, Russia and the US.

The IATA data showed that India's domestic RPK -- which measures actual passenger traffic -- rose by 15.5 per cent in September compared to the corresponding month of the previous year.

India was followed by China (10.1 per cent) and the Russian Federation at 7.3 per cent.

In terms of capacity, India's domestic ASK -- which measures available passenger capacity -- edged higher by 13.9 per cent in September.

It was followed by China's (10.7 per cent) and Russian Federation's at 7.2 per cent.

"Domestic demand climbed 4.2 per cent in September compared to September 2016, heavily affected by weather disruptions in the US market, which accounts for more than 40 per cent of all domestic RPKs," IATA said in its global passenger traffic data for September. "India and China continued to lead all markets with double-digit annual traffic increases while elsewhere results were mixed. Capacity rose 4.7 per cent and load factor slipped 0.4 percentage points to 82.2 per cent," it added.

The international passenger demand for September climbed 5.7 per cent compared to the year-ago period. In addition, the September capacity edged higher by 5.3 per cent and load factor was up 0.3 per cent at 81.6 per cent.

"September's growth in passenger demand was healthy, notwithstanding the heavy impacts of extreme weather events on the Americas," said IATA Director General and Chief Executive Officer Alexandre de Juniac.The IATA data showed that India's domestic RPK -- which measures actual passenger traffic -- rose by 15.5 per cent in September compared to the corresponding month of the previous year.

India was followed by China (10.1 per cent) and the Russian Federation at 7.3 per cent.

"Global economic conditions support rising passenger demand, but with higher cost inputs, the demand stimulationfrom lower fares has waned, suggesting a moderating trend in traffic growth," he added.

# Hindalco Industries' profit down 11%, revenue up at Rs 10,308 cr

Mumbai, Nov 3 (IANS) Aditya Birla Group company Hindalco Industries on Friday reported a 10.68 per cent fall in its standalone net profit to Rs 393 crore for the second quarter (Q2) ended on September 30. According to the company, its profit after tax stood at Rs 393 crore during Q2 FY18 as compared to Rs 440 crore in the corresponding period last fiscal.

The revenue from operations of the firm stood at Rs 10,308 crore -- 7.80 per cent higher -- from Rs 9,562 crore reported during Q2 FY17.

The company said the higher revenue was led by aluminium volumes and improved realisation across both segments.

"The overall domestic demand from user industries remained subdued in July and August, but signs of improvement were visible in September," Hindalco said in a statement.

"High level of copper imports and an increase in domestic aluminium production continue to affect domestic sales volumes."

The company said EBITDA (earnings before interest, tax, depreciation and amortisation) for the quarter under review was reported at Rs 1,577 crore, up by six per cent compared to the previous year.

The EBITDA growth was on account of higher aluminium volumes and supportive macro factors, partly offset by higher input costs and lower volumes in copper segments, it added. The company said the higher revenue was led by aluminium volumes and improved realisation across both segments.

**GRM OVERSEAS LIMITED**
CIN: L74899DL1995PLC064007
Regd. Off: 128, First Floor, Shiva Market Pitampura New Delhi-110034
Email Id- grmrice1@gmail.com
Ph. 0180-2652524

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulations 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the notice is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Tuesday, November 14, 2017 at 03:00 P.M. at the Regd. Office of the Company, inter alia, to consider and approve the Unaudited quarterly financial results for the quarter and half year ended on September, 30, 2017 and to consider any other business, if any.

Pursuant to this, the Company has decided that the closing period (i.e. closure of trading window) for the Insiders covered under the Company's "Code of Conduct to Regulate, Monitor and Report Trading by Insiders" would commence from 06:00 p.m. on 7th November, 2017 and ends on 48 hours after the results are made public i.e. at 6:00p.m on 16th November, 2017 (dates inclusive of both days).

By order of the Board
For **GRM OVERSEAS LIMITED**
Sd/
Hukam Chand Garg
Director
DIN : 00673276
Place : New Delhi
Date : 02-11-2017

# Now create your child's profile on YouTube Kids

New Delhi, Nov 3 (IANS) On its first anniversary in India, YouTube Kids on Friday announced the launch of a revamped app with a new look and features. Users can now create a profile for each kid and choose between younger or older content levels to manage the types of videos they can watch. Kid profiles work across all different devices.

"With improved connectivity and affordable data plans, we have seen enormous growth in creation and consumption of learning and educational content in the country, making India the fastest growing YouTube Kids country in Asia Pacific," said Don Anderson, Head of Family and Learning Partnerships, YouTube APAC, in a statement.

With over 800 million learning video views per day, YouTube Kids is now live in 37 countries. "Designed to put parents in control and appeal to kids in the age group of 2 to 10 years, the new updated app comes with features that have been incorporated based on extensive research and inputs gathered from kids and parents," the company said.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my clients VED PRAKASH AND SEEMA MEHTA R/O 1609, MULTANI MOHALLA, RANI BAGH, DELHI-110034 have disowned their son namely AKSHAY KUMAR from all their movable and immovable properties as he has become disobedient and further broken/severe all kinds of relationship with him because for more than last one year, he is not in my client's control. He threatens to implicate my clients along with family members in false cases. Anybody dealing with him shall do the same at his own risk. cost and consequences and my clients and other family members shall not be responsible for any act and deed of him whether made at any point in time.

Signature
S.P. GUPTA
(ADVOCATE)

# HP launches 24-inch HP DesignJet T830 multifunction printer

New Delhi, Nov 3 (IANS) HP Inc on Friday launched the HP DesignJet T830 24-inch multifunction printer for architects, engineers and construction teams to collaborate onsite and across sites by printing, copying, scanning and sharing plans with a single device. "HP multifunction printers open new ways to help professional teams communicate and collaborate using a single device empowering them to share easily, including agile transitions from digital to hard copy and back," Guayente Sanmartin, General Manager and Global Head, HP Large Format Design Printing, HP Inc, said in a statement.

In its first product demonstration, T830 printer will debut at Autodesk University, Las Vegas, from November 14 to 16.

"With the latest HP Designjet portfolio, we aim to reinvent the print experience by bringing in technological intelligence to meet the large format printing needs of the consumers in today's digital age," added Devang Karia, Country Manager-Large Format Design, PPS-GSB, HP Inc India.

In another HP DesignJet product development, HP announced the expansion of HP Click software to all HP DesignJet T-series printers.

# Vivo opens first 'Experience Center' in Bengaluru

Bengaluru, Nov 3 (IANS) As competition among top smartphone manufacturers gets stiffer, Chinese handset maker Vivo on Friday opened its maiden offline "Experience Center" in Bengaluru in the presence of Kannada actress Sruthi Hariharan. Spread across 3,600 square feet, the "Experience Center" features retail community zones where prospective buyers can access the entire range of "Y" and "V" series of smartphones.

"The launch of our first 'Experience Center' in India is for customers to experience our products before making a purchase decision. We will be launching additional 'Experience Centers' across key markets in the country in the coming months," said Kenny Zeng, Chief Marketing Officer, Vivo India, in a statement.

The company currently has 80,000 retail stores across the country, including Vivo exclusive stores.